217
10/9/12

खण्ड - 9 संख्या - 4, 5

सत्यमेव जयते

# नवम् बिहार विधान-सभा वादवृत्त

नवम् सत्र

## ( भाग-2, कार्यवाही प्रश्नोत्तर-रहित )

बुधवार, तिथि : 29 जून, 1988 ई०

बृहस्पतिवार, तिथि : 30 जून, 1988 ई०

## (झ) श्री पाण्डेय की मृत्यु के लिए उच्च स्तरीय जांच एवं दोषी को दंडित करने के संबंध में

**श्री नीतीश कुमार** : अध्यक्ष महोदय, पटना जिलान्तर्गत नौबतपुर थाने में उमाशंकर पाण्डेय को गिरफ्तार कर 18 जून से हाजत में लगातार रखकर 21 जून को पीट-पीट कर मार डाला गया।

मैं सरकार से 24 घंटे से अधिक हाजत में रखने और उनकी हाजत में मृत्यु की उच्च-स्तरीय जांच और दोषी को दंडित करने की मांग करता हूँ।

## (ञ) पुलिस जुल्म के खिलाफ कार्रवाई एवं दोषी व्यक्तियों को दंडित करना

**श्री रघुवंश प्रसाद सिंह** : अध्यक्ष महोदय, नागरिक आजादी के लिये लड़नेवाली पी.यू.सी.एल. संस्था है। उस संस्था के लोगों ने तानाशाही के खिलाफ जुलूस निकाला था, तानाशाही का पुतला जलाने वाले थे लेकिन उस पुतला को पुलिस ने छीन लिया और लोगों को मार-मार कर लाठी से कपाड़ फोड़ दिया। यह एक गंभीर घटना है। जो नागरिक आजादी के लिये लड़नेवाली संस्था है पी.यू.सी.एल., उनके लोगों को पुलिस पुतला न जलाने दे, यह सरकार तानाशाह की राह पर चल रही है। अतः मैं सरकार से मांग करता हूँ कि इस घटना के लिये दोषी व्यक्तियों को दंडित किया जाय।

## (ट) बाढ़ एवं कटाव के लिये पांच लाख रु. की मुहैया

**श्री राम जतन सिन्हा** : अध्यक्ष महोदय, मेरे चुनाव क्षेत्र के मखदुमपुर प्रखंड (जहानाबाद) के ग्राम-राजा बिगहा एवं बड़की बोकनारी

एवं कुर्था प्रखंड के ग्राम-बगाही एवं लारी-उत्तरापट्टी नदी के भयंकर कटाव से ग्रस्त है। यदि अविलम्ब कटाव के रोक के उपाय नहीं किये गये तो उपरोक्त गांव नदी के पेट में चले जायेंगे। मैंने जिला स्तर पर इस सवाल को विभिन्न स्तरों पर कई बार उठाया। परन्तु निधि के अभाव में आजतक तटबंध की मरम्मती एवं कटाव के रोक के उपाय नहीं किये जा सके। अतः मैं सदन के माध्यम से सरकार से मांग करता हूँ कि बाढ़ एवं रिलीफ के मद से पांच लाख रुपये की राशि मुहैया करायी जाय और इस कटाव को रोका जाय।

## (ठ) भड़कुड़िया गांव में सशस्त्र पुलिस बल की रहने की व्यवस्था

**श्रीमती शशिरानी मिश्र** : अध्यक्ष महोदय, रोहतास जिलान्तर्गत काराकाट प्रखंड में ग्राम भड़कुड़िया में दिनांक 29.3.88 को उग्रवादी गतिविधियों के तहत घटित कांड संख्या 39188 के तहत सुरक्षा हेतु उक्त ग्राम में सशक्त पुलिस बल की व्यवस्था की गयी थी। आतंक की स्थिति अभी रहनेके बावजूद सशस्त्र बल वहां से हटा लिया गया है जिससे किसी भी कारण कोई भी अप्रिय घटना घटने की संभावना है।

अतः सरकार से मेरी मांग है कि वहां पर पूर्ववत् सशस्त्र पुलिस बल रहने की व्यवस्था की जाय।

## (ड) बरमाहोघाट पर अविलम्ब पुल का निर्माण

**श्री गजेन्द्र प्रसाद सिंह** : अध्यक्ष महोदय, समस्तीपुर जिला अन्तर्गत रोसड़ा-वहेड़ी सड़क में करेह नदी के बरमाहोघाट पर अविलम्ब सरकार अपने आश्वासन के मुताबिक पुल निर्माण करे क्योंकि उक्त पुल का